कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

कन्हैयालाल मीना पुत्र श्री किशनलाल मीना, ग्राम पोस्ट हुडला (सेडपाडा) तहसील महवा जिला दौसा – 321608

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार)महवा, जिला दौसा

अपील सं0 06/2020

निर्णय — दिनांक : 05.03.2020

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार)महवा, जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार)महवा, जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति पत्रांक डी0एम0/कोर्ट/2020/632 दिनांक 19.02.2020 द्वारा प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार)महवा, जिला दौसा द्वारा इस कार्यालय को प्रेषित उनके पत्रांक राजस्व/2020/2734 दिनांक 02.3.2020 के द्वारा अवगत करवाया गया कि प्रार्थी श्री कन्हैयालाल मीना द्वारा दिनांक 8.1.2020 को प्रार्थना पत्र भिजवाया गया जिसका जवाब उनके कार्यालय के पत्रांक राजस्व/2020/2660 दिनांक 10.2.2020 को रजिस्टर्ड डाक द्वारा भिजवा दिया गया था। उक्त अपील प्राप्त होने पर पुनः उनके कार्यालय के पत्र क्रमांक राजस्व/2020/2773 दिनांक 02.3.2020 के द्वारा प्रार्थी को सूचना भिजवा दी गई है। उक्त पत्र क्रमांक 2773 दिनांक 02.3.2020 की प्रति संलग्न पत्रावली है। चूॅकि उक्त पत्र में अंकितानुसार आवेदक को सूचना के सम्बन्ध में अवगत करा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित की जावें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो ।

(अविचल चतुर्वेदी)
जिला कलेक्टर, दौसा